आर्थिक समीक्षा : 2022-23

वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** ने 31 जनवरी, 2023 को संसद में **आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23** पेश किया। इस आर्थिक सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार **वी. अनन्त नागेश्वरन** के नेतृत्व में तैयार किया गया है। इस बार के आर्थिक सर्वेक्षण की थीम है – **'मध्यावधि स्थिति-आशावादी तथा विश्वसनीय'**।

आर्थिक समीक्षा 2022-23 : महत्वपूर्ण तथ्य

- अर्थव्यवस्था की विकास दर मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए **7% (वास्तविक)** रहने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में विकास दर 8.7% रही थी।
- पिछले साल के आर्थिक सर्वेक्षण में 2022-23 के दौरान देश की **जीडीपी विकास दर 8-8.5%** रहने का अनुमान जाहिर किया गया था।
- वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की **GDP विकास दर 6 से 6.8%** रहने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए **जीडीपी विकास दर** वास्तविक आधार पर 6.5% रहेगी।
- भारत PPP (क्रय शक्ति समता) के सन्दर्भ में **तीसरी**, जबकि विनिमय दर के मामले में **5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत में **प्रतिव्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय** (स्थिर मूल्यों पर) **96522 रू.** है तथा प्रति व्यक्ति आय की **वार्षिक वृद्धि दर 5.5%** है।
- सर्वेक्षण के मुताबिक 2022 में **जीएसटी करदाताओं की संख्या** 70 लाख से दोगुना होकर **1.4 करोड़** पहुँच गई है।
- सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान **राजकोषीय घाटा 6.4%** रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में 6.7% रहा है।
- दिसम्बर 2022 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार **562.72 बिलियन अमेरिकी डॉलर** था।
- **RBI** ने वित्त वर्ष 2022-23 में **मुद्रास्फीति की दर 6.8%** रहने का अनुमान लगाया है।
- वित्त वर्ष 2022-23 में **कृषि** का सकल मूल्य वर्धन (GVA) मूलभूत किमतों पर **3.5%** रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के **3.0%** से अधिक है।
- **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** (MSME) क्षेत्र के लिए **ऋण वृद्धि** जनवरी-नवम्बर, 2022 के दौरान औसतन **30.5%** से अधिक रही है।
- 2021-22 के दौरान देश में रिकॉर्ड **5000 लाख टन गन्ने** का उत्पादन हुआ है। इसमें से **36 लाख मीट्रिक टन** चीनी का प्रयोग एथेनॉल उत्पादन के लिए किया गया है।
- वित्त वर्ष 2022-23 में **उद्योग क्षेत्र** का सकल मूल्य वर्धन (GVA) मूलभूत किमतों पर **4.1%** रहा जो की पिछले वित्त वर्ष के **10.3%** से काफी कम रहा।
- वित्त वर्ष 2023 में **सेवा क्षेत्र** की **वृद्धि दर 9.1%** रहने का अनुमान है, जो की पिछले वित्त वर्ष के **8.4%** से अधिक है।
- भारत के विदेशी व्यापर के प्रमुख भागीदार देश –
  भारत सर्वाधिक निर्यात करता है – **अमेरिका** > **यूएई** > **नीदरलैंड** > **चीन**
  भारत सर्वाधिक आयात करता है – **चीन** > **यूएई** > **अमेरिका**
- भारत 2022 में **100 अरब अमेरिकी डॉलर** प्राप्त करके विश्व भर में **शीर्ष प्रेषण प्राप्तकर्ता** बन गया है।
- भारत के ई-कॉमर्स बाजार के **वर्ष 2025** तक हर साल **18%** की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- **कुल प्रजनन दर** 2.1 हो गया है जो पहले **2.4** था।
- **शिशु मृत्यु दर** 38.4 हो गया है, जो पहले **46.0** था।
- **नवजात मृत्यु दर** 24.9 है, जो पहले 29.5 था।
- अप्रैल-दिसम्बर 2022 में **वस्तु निर्यात** 332.5 अरब डॉलर का हुआ।
- भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर अप्रैल, 2022 में **7.8%** पर पहुँच गई।
- केन्द्र और राज्य सरकार का **स्वास्थ्य क्षेत्र** पर बजटीय व्यय वित्त वर्ष 2023 (बजट अनुमान) में **GDP का 2.1%** और वित्त वर्ष 2022 (RE) में **2.2%** तक पहुँच गया, जो वित्त वर्ष 2021 में **1.6%** था।
- **सामाजिक क्षेत्र का व्यय** वित्त वर्ष 2016 के रु० 9.1 लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में **रु० 21.3 लाख करोड़** हो गया।
- **220 करोड़ से अधिक** काविड-19 वैक्सीन की खुराक दी गई।
- भारत ने **वर्ष 2070** तक **शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य** को प्राप्त करने के लिए 'नेट जीरो' का संकल्प व्यक्त किया है।
- भारत ने **वर्ष 2030** से पहले गैर-जीवाश्म ईंधन से **40% स्थापित विद्युत क्षमता** के अपने लक्ष्य को हासिल किया।
- भारत **वर्ष 2005** के स्तर से **वर्ष 2030** तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को **45% तक** कम करेगा।
- **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन** से भारत **वर्ष 2047** तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा।
- **पर्यावरण के लिए जीवन शैली (LiFE)** के रूप में जन आंदोलन शुरू किया गया।
- वर्ष 2020-21 में **कृषि में निजी निवेश** बढ़कर 9.3% हो गया।
- भारत में **खाद्यान्न उत्पादन** में निरन्तर **वृद्धि** देखी गई।
- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA)** के तहत लगभग **81.4 करोड़ लाभार्थियों** को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न मिलेगा।
- **औद्योगिक क्षेत्र** द्वारा समग्र सकल मूल्य वर्धित (GVA) **3.7%** बढ़ा, जो पिछले दशक की **2.8%** की औसत वृद्धि से अधिक है।
- **भारत** वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा **मोबाइल फोन निर्माता** बना।
- **अक्टूबर, 2022 तक** 2359 किसान रेलों ने लगभग **7.91 लाख टन** खराब होने वाली वस्तुओं का परिवहन किया।
- वर्ष 2016 में शुरू की गई **UDAN योजना** से एक करोड़ से अधिक हवाई यात्रियों ने लाभ उठाया है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta